बिहार सरकार

# निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

फोन नं0 :– 0612–2217352
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :–ceo_bihar@eci.gov.in

पटना, दिनांक **05** जनवरी, 2022 ई0।

## प्रेस नोट

भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में अर्हता तिथि 01.01.2022 के आधार पर निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन आज दिनांक 05.01.2022 को कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचक सूची का प्रारुप प्रकाशन 01.11.2021 को किया गया था। उसके पश्चात् दिनांक 01.11.2021 से 30.11.2021 के मध्य निर्वाचक सूची से संबंधित दावा–आपत्तियों की प्राप्ति के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि का आयोजन किया गया एवं दिनांक 07.11.2021 एवं 21.11.2021 को विशेष अभियान दिवस का भी आयोजन किया गया था। उक्त निर्धारित अवधि में प्राप्त दावा–आपत्तियों के निष्पादन के क्रम में कुल 6,46,299 पुरुष निर्वाचकों, 5,89,335 महिला निर्वाचकों एवं 147 तृतीय लिंग के नये निर्वाचक पंजीकृत हुए है तत्पश्चात् आज अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची में कुल पुरुष निर्वाचकों की संख्या–4,00,77,700 महिला निर्वाचकों की संख्या–3,62,48,239 तथा तृतीय लिंग के निर्वाचकों की संख्या–2,740 है। इस प्रकार निर्वाचक सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2022 के दौरान 2,48,819 निर्वाचकों के विलोपन के पश्चात् कुल 9,86,962 निर्वाचकों की वृद्वि हुई है।

निर्वाचक सूची का लिंगानुपात भी 01 अंक सुधर कर 903 से 904 हो गया है। निर्वाचक सूची में 18–19 वर्ष के युवा निर्वाचकों की संख्या 6,80,559 है। इसके अतिरिक्त निर्वाचक सूची में 1,65,355 सेवा निर्वाचकों का नाम भी सम्मिलित है। निर्वाचक सूची से संबंधित आवश्यक डाटा निम्नलिखित तालिका में संलग्न है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Population (Projected 2019) | | | Male | **7,54,93,251** |
| | | | | Female | **7,36,48,086** |
| | | | | Total | **14,91,41,337** |
| | Total 18+ Population (Projected 2019) | | | | **7,43,34,834** |
| | Total 18+ Population (in %) w.r.t. total population | | | | **49.84** |
| | | | **As per Draft Roll w.r.t. 01.01.2022** | **As per Final Roll w.r.t. 01.01.2022** | **Total Increase** |
| 2. | Electors | Male | **3,95,79,913** | **4,00,77,700** | **4,97,787** |
| | | Female | **3,57,59,104** | **3,62,48,239** | **4,89,135** |
| | | Third Gender | **2,700** | **2,740** | **40** |
| | | Total | **7,53,41,717** | **7,63,28,679** | **9,86,962** |
| 3. | Ratio of Electors to Population | Male | **0.524** | **0.531** | **0.007** |
| | | Female | **0.486** | **0.492** | **0.006** |
| | | Total | **0.505** | **0.512** | **0.007** |
| 4. | Electoral Roll Gender Ratio | | **903** | **904** | **1** |
| 5. | Gender Ratio (As per Census 2011) | | | | **918** |
| 6. | Total addition during SSR, 2022 | | | Male | **6,46,299** |
| | | | | Female | **5,89,335** |
| | | | | Third Gender | **147** |
| | | | | Total | **12,35,781** |
| 7. | Total deletion during SSR, 2022 | | | Male | **1,48,921** |
| | | | | Female | **99,871** |
| | | | | Third Gender | **27** |
| | | | | Total | **2,48,819** |

निर्वाचक सूची में अपने नाम से संबंधित विवरण की जानकारी सभी प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय व जिला निर्वाचन शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन जानकारी प्राप्त करने के लिए www.ceobihar.nic.in,www.nvsp.in, वोटर पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन में लॉग इन किया जा सकता है अथवा मतदाता हेल्पलाइन 1950 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।